web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 28 फरवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 151

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## जापानी क्रूज में फंसे 119 भारतीय को लेकर विशेष विमान दिल्ली लौटा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के कारण जापान तट पर खड़े क्रूज शिप से 119 भारतीयों समेत 5 विदेशी नागरिकों को एयरलिफ्ट किया गया है। एयर इंडिया के विशेष विमान से सभी नगरिक वीरवार सुबह नई दिल्ली पहुंचे। जापान से भारतीय नागरिकों के अलावा श्रीलंका, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका और पेरू के नागरिकों को भी लाया गया है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह जानकारी दी। जयशंकर ने ट्वीट किया, एयर इंडिया का विमान कोरोनावायरस के कारण जापान के डायमंड प्रिंसेस पर फंसे 119 भारतीयों और श्रीलंका, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका और पेरू के पांच विदेशी नागरिकों को लेकर टोक्यो से चला विमान दिल्ली में लैंड हुआ है। जापानी प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के लिए आभार। एयर इंडिया को एक बार फिर धन्यवाद। इन लोगों को आईटीबीपी के एक पृथक स्थान पर ले जाया गया है, जहां इन लोगों को 14 दिनों तक रखा जाएगा।

बता दें कि जापान के तट पर खड़े क्रूज शिप डायमंड प्रिंसेज पर कुल 3,711 लोग सवार थे। इन सभी लोगों को कोरोना वायरस के संक्रमण की आंशका की वजह से 5 फरवरी से अलग-थलग रखा गया था।

शिप पर मौजूद 138 भारतीयों में से 132 चालक दल के सदस्य और 6 यात्री शामिल थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि बाकी बचे भारतीयों का जापान में ही इलाज चल रहा है।

दूसरी तरफ, चीन के वुहान से भी इंडियन एयर फोर्स का सी-17 ग्लोबमास्टर विमान 36 विदेशियों समेत 112 भारतीय नागरिकों को लेकर सुबह 6.45 बजे दिल्ली पहुंचा। सभी लोगों को थर्मल स्क्रीनिंग के बाद दिल्ली के छावला में आईटीबीपी संगरोध सुविधा में ले जाया जाएगा। वुहान से लौटने वाले नागरिकों में बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और मेडागास्कर के नागरिक शामिल थे। इससे पहले ये विमान कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित चीन के वुहान शहर के लिए भारत से जरूरी चिकित्सकीय सामग्री लेकर पहुंचा था।

## आजम खान पत्नी और बेटे संग सीतापुर जेल में शिफ्ट



**रामपुर (आरएनएस)।** गिरफ्तारी के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खान, पत्नी तजीन फातमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को एक रात रामपुर जेल में गुजारनी पड़ी। इसके बाद गुरुवार तड़के उन्हें सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

पुलिस सुबह करीब 5 बजे आज़म खां, उनकी पत्नी तजीन फात्मा और अब्दुल्ला आज़म को रामपुर के जिला कारागार से सीतापुर ले गई। जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी आज आजम खां से मुलाकात कर सकते हैं। दरअसल, रामपुर के एसपी ने कोर्ट से गुहार लगाई थी कि रामपुर जेल में आजम और उनके परिवार को रखने पर कानून-व्यवस्था गड़बड़ा सकती है, लिहाजा उन्हें बरेली या किसी अन्य जेल शिफ्ट किया जाए। इसके बाद 27 फरवरी को तड़के कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें सीतापुर जेल शिफ्ट किया गया। इससे पहले सपा सांसद और पूर्व मंत्री आजम खां, उनकी विधायक पत्नी डॉक्टर तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम को स्थानीय अदालत ने बुधवार को रामपुर जेल भेज दिया था। अदालत ने यह आदेश अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में दिया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रपति आज से झारखंड और छत्तीसगढ़ के दौरे पर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 28 फरवरी से 2 मार्च तक झारखंड और छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे। राष्ट्रपति 28 फरवरी को रांची में झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे। 29 फरवरी को वे झारखंड में गुमला के बिशुनपुर में विकास भारती संस्थान को देखने जाएंगे और 2 मार्च को छत्तीसगढ़ के विलासपुर में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे।

### नाले में मिले दो और शव, मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हुई

» दिल्ली हिंसा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसक घटनाओं में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 34 पर पहुंच गई। गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) सूत्रों के अनुसार यहां अब तक 30 लोगों की मौत की खबर है। दो लोगों की मृत्यु लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) और एक जग प्रवेश चंद अस्पताल में हुई है। मरने वालों में दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल रतन लाल और इंटेलीजेंस ब्यूरो कर्मी अमित शर्मा भी हैं। गोकुलपुरी नाले में दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि यहां नाले से दो शव मिले हैं। हालांकि पुलिस का पहरा इतना कड़ा है कि वह किसी को भी तलाशी स्थल के पास जाने नहीं दे रही है। जीटीबी अधिकारियों ने बुधवार को बताया था कि कम से कम नौ की मौत गोली लगने की वजह हुई है। मरने वालों में एक महिला भी है।उधर हिंसा प्रभावित प्रमुख इलाकों चांद बाग, जाफराबाद और शिव विहार समेत अब स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है।

### प्रधानमंत्री बुंदेलखंड एक्स्प्रेस-वे की 29 को रखेंगे आधारशिला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 फरवरी को चित्रकूट में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखेंगे। एक्सप्रेस-वे फरवरी, 2018 में सरकार द्वारा घोषित उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे की सहमति के बिंदुओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उत्तर प्रदेश सरकार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है, जो चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर और जालौन जिलों से गुजरेगा। यह एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड क्षेत्र को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते से जोड़ेगा। साथ ही बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 296 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे से चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, ओरैया और इटावा जिलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। भारत को भूमि प्रणाली, जहाज और पनडुब्बियों से लेकर लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों, हथियारों और सेंसरों जैसे रक्षा उपकरणों की भारी जरूरत है। यह आवश्यकता 2025 तक 250 बिलियन अमरीकी डॉलर की होगी। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए सरकार ने लखनऊ में निवेशकों के शिखर सम्मेलन के दौरान 21 फरवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश में रक्षा औद्योगिक गलियारा स्थापित करने की घोषणा की थी।

### डॉ. जितेन्द्र सिंह ने की पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की समीक्षा बैठक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बांस का नया क्लस्टर खोलने के लिए जल्दी ही संघ शासित जम्मू और कश्मीर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज नई दिल्ली में पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्रालय (डोनर) के काम-काज की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान डोनर सचिव डॉ. इन्द्रजीत सिंह और मंत्रालय तथा पूर्वोत्तर परिषद के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कार्य सूची में शामिल सभी विषयों की समीक्षा की गई।

## मोदी ने येदियुरप्पा को दी जन्मदिन की बधाई



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा के जन्मदिन के मौके पर गुरुवार को उन्हें बधाई दी। मोदी ने ट्विटर पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा, :कर्नाटक के परिश्रमी मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। वह राज्य के विकास, विशेषकर किसानों के कल्याण और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मैं उनके दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।: येदियुरप्पा का जन्म 27 फरवरी 1943 को कर्नाटक में हुआ था।

## दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को प्रधानमंत्री सहायता यंत्र और उपकरण वितरित करेंगे



**प्रयागराज (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 फरवरी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में एक विशाल वितरण शिविर में वरिष्ठ नागरिकों (राष्ट्रीय वयोयोजना-आरवीवाई के अंतर्गत) और दिव्यांगजनों को (एडीआईपी योजना के अंतर्गत) सहायता यंत्र और उपकरण वितरित करेंगे। देश में यह सबसे बड़ा वितरण शिविर होगा, जिसमें सबसे अधिक संख्या में लाभान्वितों को शामिल किया गया है, साथ ही इसमें वितरित किए जाने वाली उपकरणों और सहायता यंत्रों की संख्या तथा उनका मूल्य सबसे अधिक है। इस विशाल शिविर में 56,000 से अधिक विभिन्न प्रकार के सहायता यंत्र और उपकरण 26,000 लाभान्वितों को मुफ्त वितरित किए जाएंगे। सहयता यंत्र और उपकरणों का मूल्य 19 करोड़ रुपये से अधिक है। इसका लक्ष्य दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए उन्हें दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाले सहायता यंत्र और उपकरणों के जरिये सहायता प्रदान करना है।

## न्यायमूर्ति मुरलीधर का आधी रात तबादला दुखद और शर्मनाक: प्रियंका





**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश मुरलीधर द्वारा केंद्र को फटकार लगाने के दिन ही मध्य रात्रि में उनका ट्रांसफर किए जाने को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दुखद बताया। इसबीच उनके भाई तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने न्यायमूर्ति लोया के याद करते हुए केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया, जिनकी मौत पर राजनीतिक विवाद हुआ था। प्रियंका ने ट्वीट किया, वर्तमान स्थिति को देखते हुए न्यायमूर्ति मुरलीधर का आधी रात को ट्रांसफर चौंकाने वाली घटना नहीं है, लेकिन यह दुखद और शर्मनाक है।

स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, लाखों भारतीय नागरिकों को ईमानदार न्यायपालिका पर विश्वास है, लेकिन न्याय को विफल करने और उनके विश्वास को तोड़ने का सरकार का प्रयास दुस्साहस भरा है। इसी दौरान उनका साथ देते हुए राहुल गांधी ने भी ट्वीट कर दिया, बहादुर जज लोया की याद आई, जिनका ट्रांसफर नहीं हुआ था।

न्यायाधीश बी.एच. लोया सोहराबुद्दीन मामले की सुनवाई कर रहे थे, जब दिसंबर 2014 में उनकी नागपुर में संदिग्ध मौत हो गई थी। कानून एवं न्याय मंत्रालय ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस. मुरलीधर का स्थानांतरण (ट्रांसफर) पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट कर दिया था।

## दिल्ली हिंसा पर सोनिया, मनमोहन समेत कई कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पार्टी के अन्य नेता दिल्ली हिंसा पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को ज्ञापन सौंप दिया है। आपको बताते जाए कि यह ज्ञापन दिल्ली हिंसा को लेकर दिया गया है। इस हिंसा में अब तक 35 लोगों की मौत हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की अगुआई में आज दिल्ली हिंसा को लेकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को हटाने की मांग की है।

ज्ञापन देकर लौटने पर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि दिल्ली हिंसा को लेकर हमने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से गृहमंत्री अमित शाह को हटाने की मांग की है। गत चार दिनों से दिल्ली जल रही है। केन्द्र सरकार हिंसा रोकने में नाकामयाब रही है।

इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा कि राष्ट्रपति राजधर्म निभाना चाहिए। दिल्ली हिंसा होना केन्द्र सरकार की नाकामी दर्शाती है। इस अवसर पर कांग्रेस के नेता गुलाब नबी आजाद, एके एंटनी, कुमारी शैलेजा, अविनाश पांडे, पी चिदंबरम और रणदीप सुरेजवाल आदि नेता मौजूद थे।

## बहन के अजन्मे बच्चे की हत्या आरोप में भाई को साढ़े तीन साल की सजा

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई की एक सेशन्स कोर्ट ने एक ऐसे केस में फैसला सुनाया जो शायद ही पहले कभी दिया गया हो। कोर्ट ने 23 साल के युवक को अपनी बहन के अजन्मे बच्चे की मौत का जिम्मेदार मानते हुए साढ़े तीन साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने मनोज कराखे को आईपीसी की धारा 316 के तहत दोषी माना, जिसमें अजन्मे बच्चे की गैरइरादतन हत्या के लिए अधिकतम 10 साल की सजा का प्रावधान होता है। आरोपी पर चोट पहुंचाने के लिए अलग से धाराएं लगाई गईं जिनके लिए अलग सजा दी गई है।

मनोज कराखे ने 2017 में अपनी गर्भवती बहन के पेट पर लात मार दी थी। सरकारी वकील प्रांजलि जोशी ने कहा कि जिन लोगों ने मामले में गवाही दी, उनमें पीड़ित युवती, उसकी मां, बहन और पति शामिल थे। कराखे की बहन ने पुलिस को बताया था कि वह अपने पति के साथ रहती थी जबकि कराखे पड़ोस में रहता था। उन सबको पता था कि 16 अक्टूबर, 2017 को वह चार महीने की गर्भवती थी।

कराखे की बहन ने बताया सुबह करीब 10 बजे उसकी बहन और मनोज का आपस में झगड़ा हो गया। जब उसने बीच में दखल दिया तो मनोज से उसके साथ गाली-गलौच की और यह जानते हुए कि मैं प्रेग्नेंट हूं फिर भी मेरे पेट पर लात मार दी। इससे वह गिर पड़ी और बेहोश हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां सोनॉग्रफी के बाद डॉक्टर ने बताया कि भ्रूण नहीं बच सका और उसे अबॉर्शन कराना पड़ा। उसने मनोज के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी को पकड़ लिया गया।

## राजनाथ ने किया नए हलके लड़ाकू हेलिकॉप्टर उत्पादन हैंगर का उद्घाटन





**बेंगलुरु (आरएनएस)।** देश में मजबूत रक्षा और सुरक्षा अवसंरचना के निर्माण के मद्देनजर 'भारत और विश्व' के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र 'मेक इन इंडिया' को अपनाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैंगलुरू के हिंदुस्तान एयरोनॉक्टिस लिमिटेड (एचएएल) में हैलिकॉप्टर प्रभाग के नए हलके लड़ाकू हेलिकॉप्टर उत्पादन हैंगर का उद्घाटन करते हुए यह कहा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षो में भारत ने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत सैन्य उपकरणों के स्वदेशी निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। देश के आर्थिक विकास में रक्षा उद्योग द्वारा निभाई जाने वाली प्रमुख भूमिका का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने एचएएल जैसे रक्षा सार्वजनिक उपक्रम के महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एचएएल ने भारत को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में शानदार योगदान किया है। उसके प्रयासों से भारत 6 स्थानों की छलांग लगाते हुए आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी हुई है और वह पिछले दो सालों में 17,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। आने वाले वर्षों में 35,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि विभिन्न प्लेटफार्मों के जरिए एचएएल इस मील के पत्थर को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा।

राजनाथ सिंह ने एचएएल की सराहना करते हुए कहा कि वह भारतीय वायु सेना का मेरुदंड है और वह सैन्यबलों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा, 'एचएएल ने पिछले पांच वर्षों में परिचालन और वित्त के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की है। उसने 7 प्लेटफार्मों पर परिचालन क्लियरेंस हासिल किया है, जिसमें हलका लड़ाकू युद्धक विमान और हलका लड़ाकू हेलिकॉप्टर शामिल है। इसके अलावा उसने हॉक और एसयू-30 एमकेआई जैसे प्लेटफार्मों को भी दुरुस्त किया है।' राजनाथ सिंह ने इस बात की सराहना की कि मार्च, 2019 तक एचएएल ने 19,705 करोड़ रुपये का कारोबार किया और शेयरधारकों को 198 प्रतिशत का शानदार लाभांश दिया है।

निजी रक्षा उद्योगों द्वारा एचएएल को मिलने वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए रक्षा मंत्री ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम से आग्रह किया कि वह बदलते परिवेश को चुनौती के रूप में ले तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए अवसरों से लाभ उठाए। उन्होंने फिक्स्ड विंग और रोटरी एयरक्राफ्ट के क्षेत्र में भावी परियोजनाओं के लिए एचएएल को शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि एचएएल असैन्य एयरक्राफ्ट व्यापार में भी भारत का नेतृत्व करेगा।

इस अवसर पर एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक आर माधवन ने कहा कि हलका लड़ाकू हैलिकाप्टर (एलसीएच) परिचालन के लिए पूरी तरह तैयार है और इसके उत्पादन के लिए हैलिकाप्टर परिसर पूरी तरह चाक-चौबंद है। उन्होंने कहा कि इस नए उत्पादन हैंगर से एलसीएच उत्पादन क्षमता में इजाफा होगा और प्रतिवर्ष 30 हैलिकॉप्टरों का उत्पादन संभव होगा। एचएएल ने रक्षा मंत्री को स्वदेशी बहु उद्देशीय हेलिकॉप्टर (आईएमआरएच) के नए डिजाइन और विकास कार्यक्रम की प्रगति से भी अवगत कराया। राजनाथ सिंह के समक्ष इसका प्रदर्शन भी किया गया। आईएमआरएच के विषय में प्रस्ताव है कि वह एमआई 17, कामोव और सीकिंग्स जैसे मौजूदा मध्यम हैलिकॉप्टरों की जगह लेगा जिन्हें अगले 8 से 10 वर्षों के दौरान सेवा से हटाया जाना है।

एचएएल द्वारा विकसित और डिजाइन किया गया एलसीएच 5.5 टन वजन वाला लड़ाकू हेलिकॉप्टर है। इसमें दो शक्ति इंजर लगे हैं और उन्नत हलके हेलिकॉप्टर की कई तकनीकी विशेषताओं से यह लैस है।

## यूएससीआईआरएफ की टिप्पणी तथ्यात्मक तौर पर भ्रामक

» रवीश कुमार ने कहा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विदेश मंत्रालय ने दिल्ली के उत्तर-पूर्वी इलाकों में फैली हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता से संबंधित अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की तरफ से जतायी गई चिंता को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि आयोग की टिप्पणी तथ्यात्मक तौर पर गलत और भ्रामक हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने दिल्ली के उत्तर-पूर्वी इलाकों में फैली हिंसा को लेकर की जा रही टिप्पणियों के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा, :मैंने यूएससीआईआरएफ, मीडिया के कुछ वर्गों और कुछ अन्य लोगों द्वारा की गयी ह्यटिप्पणियों को देखा है।